यूपी में निवेश के लिए सिंगापुर में 60 हजार करोड़ के करार

सीएम योगी ने सिंगापुर के राष्ट्रपति से की मुलाकात, एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए

लखनऊ। सिंगापुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिंगापुर में यूपी को लगभग एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें से 60 हजार करोड़ के करार किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी हो चुकी है। निवेशकों को यूपी की हर गतिविधि की जानकारी है। यही कारण है कि कम समय में ही यूपी को इतना बड़ा निवेश मिला है।

सिंगापुर दौरे में निवेशकों से बातचीत करते सीएम योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी व अन्य। - स्रोत : सूचना

उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029-30 तक दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री सोमवार को सिंगापुर पहुंचे थे। मंगलवार को मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि बताया कि पिछले दो दिनों में उन्होंने 100 से अधिक प्रतिनिधियों से भेंट की है। सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री के साथ बातचीत हुई। प्रमुख फिनटेक कंपनियों के अध्यक्ष व सीईओ के साथ भी बैठकें की गईं। ब्यूरो

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कार्गो सुविधा विकसित करने पर जोर

सीएम ने बताया कि जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कार्गो सुविधा और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग) विकसित करने के लिए सिंगापुर की दक्षता का अध्ययन किया गया। यह सुविधा जेवर में विकसित करने के लिए निवेशक गंभीर हैं।

- सीएम ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के विश्वस्तरीय स्किलिंग सेंटर (आईटीई) का भी दौरा किया। यूपी के हर जिले में स्केल को स्किलिंग में बदलने और स्किलिंग को रोजगार से जोड़ने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन विकसित करने की जो कार्रवाई शुरू की है, उसका यहां भी एक मॉडल देखने को मिला है।

>> जेवर एयरपोर्ट पर 4458 करोड़ से बनेगा कार्गो कैंपस और एयर कैटरिंग किचन : पेज 2